# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–13 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

सर्वोच्च न्यायालय ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में दान के कथित गबन मामले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल –एस.आई.टी. से जांच संबंधी स्थिति रिपोर्ट सौंपने को कहा है। न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग से जुड़ी याचिकाओं पर केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने याचिकाओं की सुनवाई की।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन–राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उन्नाव में लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस–वे सहित तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस–वे पर कल से वाहन दौड़ने लगेंगे। एक रिपोर्ट–

**भारत के दूसरे सबसे लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर वाला 63 किलोमीटर लंबा, 6 लेन का लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे, स्वचालित और अत्याधुनिक मशीन–निर्देशित निर्माण तकनीक से बना देश का पहला एक्सप्रेसवे भी है। एआई के जरिए गति नियंत्रण की प्रणाली, हर दो किलोमीटर पर आपातकालीन कॉल बॉक्स और दो एकीकृत 24×7 कंट्रोल रूम वाला यह एक्सप्रेसवे 120 किमी प्रति घंटे तक की गति के लिए डिजाइन किया गया है और इससे लखनऊ और कानपुर के बीच यात्रा का समय घटकर मात्र 35 से 40 मिनट होने की उम्मीद है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

**********

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ आज लखनऊ में आयोजित एक समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रदेश में चल रही और प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं की प्रगति, भूमि अधिग्रहण तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का हेल्थ सिस्टम आत्मनिर्भर और जन केन्द्रित बनकर उभरा है।

**पिछले 12 वर्षों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार का लक्ष्य केवल इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं है बल्कि एसेसिबल एर्फोडेबल और क्वालिटी ड्रिवेन हेल्थ केयर सिस्टम बनाना भी रहा है। आज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज मिल रहा है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'योगी की पाती' साझा करते हुए लोगों से वृक्षारोपण को अपने जीवन के संस्कारों और उत्सवों से जोड़ने की अपील की है। एक रिपोर्ट–

**अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि वृक्षारोपण महायज्ञ–2026 के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में प्रदेश ने 40 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य पूरा कर नया इतिहास रचा है। यह 'नए भारत' के 'नए उत्तर प्रदेश' के नवसामर्थ्य का जयघोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आने वाली पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व और जीवन संरक्षण का संदेश समेटे यह अभियान सनातन चेतना का महोत्सव है। श्री योगी ने लोगों से अपील की है कि परिवार के शुभ अवसरों, मांगलिक आयोजनों और विशेष दिनों को वृक्षारोपण से जोड़कर हमे प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभाना चाहिए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

गोरखपुर जोन के करीब एक दर्जन जिलों में पुलिस द्वारा बहू–बेटी सम्मेलनों और कम्युनिटी पुलिसिंग के जरिये महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों के प्रति होने वाले अपराधों पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। अपर पुलिस महानिदेशक मुथा अशोक जैन ने आज गोरखपुर के सूचना संकुल में आयोजित एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत में कहा कि इस पहल के तहत बहू–बेटियों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों से पुलिस की तरफ से निरंतर संवाद किया जा रहा है।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई अन्य जिलों में बीती रात हुई बारिश के बाद आज दिन भर लोगों ने उमस भरी गर्मी महसूस की। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि राज्य के तराई और पूर्वांचल के कई जिलों में तीन दिनों तक गरज–चमक के साथ हल्की से लेकर मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।

**मानसून का तराई बेल्ट में शिफ्ट हो गया है जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश के जो तराई क्षेत्र हैं जैसा कि लखीमपुर खीरी, बहराइच, बलरामपुर, कुशीनगर, देवरिया में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। बाकी जगह की बात करें तो स्पेशली पूर्वी उत्तर प्रदेश की बात करें तो वहां पर बादलों की आवाजाही रहेगी तथा कुछ जगहों पर छिटपुट वर्षा की संभावना है तो कुल मिलाकर यह सिलसिला दो से तीन दिनों तक रहेगा।**

बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियों का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है।

**********